**कमजोर श्रमिक परियोजना की पहली रिपोर्ट का कार्यकारी सारांश: श्रवण सत्र**

## पृष्ठभूमि

14 अक्टूबर 2009 को, राष्ट्रपति ओबामा के कार्यकारी आदेश 13515 के माध्यम से एशियाई अमेरिकियों और प्रशांत द्वीपवासियों पर व्हाइट हाउस पहल (WHIAAPI) की स्थापना की गई। WHIAAPI एशियाई अमेरिकी और प्रशांत द्वीपवासियों (AAPI) के समुदायों के लिए जीवन और अवसरों की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए काम करता है और जिन संघीय कार्यक्रमों में AAPI समुदायों को पूर्ण अवसर नहीं मिल पाते उनमें उनकी पहुँच को मजबूत बनाने के लिए काम करता है। 2014 में, अमेरिका के न्याय और श्रम विभाग, समान रोजगार अवसर आयोग और राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड ने कमजोर श्रमिक परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना का उद्देश्य है: 1) WHIAAPI के समर्थन के साथ, उच्च जोखिम और कम मजदूरी वाले उद्योगों में AAPI कार्यबल के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करना; 2) AAPI समुदायों को उनके संघीय रोजगार और श्रम अधिकारों के बारे में शिक्षित करना; और 3) एजेंसियों तक श्रमिकों की पहुँच में सुधार करने के लिए श्रवण सत्रों में सीखी गई जानकारी का उपयोग करना। यह परियोजना इस बात पर भी जोर देती है कि सरकारी सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करने के लिए "कोई गलत दरवाजा नहीं" है: जब कोई श्रमिक संघीय एजेंसियों में से किसी एक के साथ संपर्क करता है तो उसे सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त सेवाएँ प्रदान की जानी चाहिए और, आवश्यक हो तो, उपयुक्त एजेंसी के पास भेज दिया जाना चाहिए।

हालांकि AAPI कार्यकर्ताओं के लिए कुल डेटा रोजगार की उच्च दर और औसत से ऊँची मजदूरी की दर दिखाता है, लेकिन AAPI समुदाय के भीतर बेरोजगारी, रोजगार के संबंध में भेदभाव, गरीबी की दर और भाषा में प्रवीणता के संदर्भ में महत्वपूर्ण अंतर है। उदाहरण के लिए, समग्र AAPI गरीबी दर 13.2 प्रतिशत है, लेकिन कुछ AAPI समुदायों में गरीबी दर इसकी दोगुनी है।[1] इसके अतिरिक्त, एक गैलप सर्वेक्षण में, सर्वेक्षण में भाग लेने वाले AAPI समुदाय के, जो सभी जातीय समूहों में सबसे बड़ा है, लगभग एक तिहाई लोगों ने रोजगार में भेदभाव की रिपोर्ट की।[2]

## श्रवण सत्र

अगस्त 2014 से जून 2015 तक, एजेंसियों ने देश भर में छह श्रवण सत्रों का आयोजन किया, इसमें ध्यान उन इलाकों पर था जहां AAPI समुदायों की संख्या काफी अधिक है: न्यूयॉर्क सिटी, ह्यूस्टन, लॉस एंजिल्स, वाशिंगटन डीसी, मिनीपोलिस/सेंट पॉल, और जर्सी सिटी। स्थानीय

---

[1] 2012 अमेरिकी समुदाय सर्वेक्षण http://factfinder.census.gov

[2] https://www.whitehouse.gov/administration/eop/aapi/data/critical-issues

अधिवक्ताओं की सहायता के साथ, और कुछ स्थानों पर, दुभाषिया सेवाएँ लेते हुए, संघीय एजेंसी के प्रतिनिधियों ने AAPI श्रमिकों के विभिन्न समूहों के साथ आमने-सामने मुलाकात की। श्रवण सत्रों में पूर्व एशियाई, दक्षिण एशियाई, दक्षिण पूर्व एशियाई और प्रशांत द्वीपवासी समूहों सहित कई AAPI समुदायों के श्रमिक शामिल थे।

श्रवण सत्र प्रत्येक एजेंसी की संक्षिप्त प्रस्तुतियों के साथ शुरू हुए, जिनमें सरकारी प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि किस तरह उनकी एजेंसियाँ सांस्कृतिक रूप से सक्षम एजेंसी प्रतिनिधियों के माध्यम से AAPI श्रमिकों तक अपनी पहुँच को बढ़ाने और AAPI समुदायों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इसके बाद प्रतिभागियों को एजेंसी के प्रतिनिधियों से सवाल पूछने और अपनी चिंताओं को साझा करने का अवसर दिया गया। श्रवण सत्रों में उपस्थित लोगों ने AAPI श्रमिकों द्वारा श्रम तथा रोजगार संबंधी समस्याओं की रिपोर्टिंग तथा उनका समाधान करने का प्रयास करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा की, जिसमें शामिल थे:

1. यह अविश्वास और संदेह कि उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार समय पर और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक सहायता (भाषा संसाधनों सहित) उपलब्ध कराएगी;
2. अलगाव की स्थिति और सीमित रोजगार के विकल्प; कभी-कभी जिसका कारण आव्रजन की स्थिति होता है;
3. अपने अधिकारों के बारे में जानकारी की कमी के कारण उत्पन्न जोखिम और शोषण;
4. नियोक्ताओं, साथ ही उनके समुदायों की ओर से प्रतिशोध का डर; और
5. शिकायत दाखिल करने को लेकर कुंठा, जिसमें शामिल हैं: इस बात की जानकारी न होना कि किस एजेंसी के पास जाना चाहिए, जटिल निर्देश, और संघीय एजेंसियों के पास शिकायत दर्ज कराने के बाद समाधान के लिए प्रतीक्षा का लंबा समय।

## सिफारिशें और प्रतिबद्धताएँ

कमजोर श्रमिक परियोजना श्रवण सत्र के बाद, एजेंसियों ने निम्नलिखित सिफारिशों को लागू करना शुरू कर दिया है:

1) शिकायतकर्ताओं को उनके संघीय रोजगार और श्रम अधिकारों को समझने और उनके अनुसार कार्रवाई करने में सहायता करने के लिए भाषा पहुँच का विस्तार;
2) रोजगार और श्रम शिकायतें दाखिल करने के मामले में "कोई गलत दरवाजा नहीं" दृष्टिकोण को सुदृढ़ करना तथा रोजगार और श्रम मामलों में शिकायतकर्ता के लिए सही रेफरल सुनिश्चित करना;

3) उनकी शिकायतों की स्थिति के बारे में श्रमिकों के साथ संचार में सुधार;
4) कमजोर श्रमिकों तक यह स्पष्ट संवाद पहुँचाना कि उनके आव्रजन की स्थिति की परवाह किए बिना उनके रोजगार और श्रम अधिकार सुरक्षित हैं;
5) यू और टी वीजा, आस्थगित स्थिति, और पैरोल जानकारी का AAPI भाषाओं में अनुवाद;
6) राज्य और स्थानीय एजेंसियों के साथ सहयोग बढ़ाना;
7) AAPI समुदायों को लक्षित करते हुए मजदूरों के अधिकारों के बारे में जानकारी और संसाधनों का अधिक प्रभावी ढंग से वितरण; और
8) श्रम और रोजगार संबंधी मामलों में संघीय एजेंसी द्वारा AAPI समुदायों के साथ संलग्नता, आउटरीच, और अनुवर्ती कार्रवाई संबंधी प्रतिबद्धता को जारी रखना।

WHIAAPI और कमजोर श्रमिक परियोजना के सदस्यों द्वारा सिफारिशों को लागू करने के लिए सुनिर्दिष्ट कदम उठाए जा रहे हैं। अंतर-एजेंसी कमजोर श्रमिक परियोजना (Interagency Vulnerable Workers Project) देश भर में AAPI समुदायों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रत्येक संघीय एजेंसी के परिचालन में इन सीखे गए पाठों, सर्वोत्तम कार्यप्रथाओं, और नई पहलकदमियों को शामिल करने की योजना बना रही है।

अंग्रेजी में पूरे 17 पृष्ठ की रिपोर्ट देखने के लिए, कृपया देखें:

http://www.dol.gov/_sec/media/reports/20150514-AAPI.pdf